कभी छूटे ना तेरा द्वारा

तुमसे है ज़िन्दगी मेरी तू ही मेरा सहारा,
कभी छूटे ना तेरा द्वारा....

मैं कितना किस्मत वाला हूँ श्याम तेरा दरबार मिला,
सोचा नहीं मैंने जितना उतना तेरा प्यार मिला,
तेरी कृपा के बिन बाबा होता नहीं गुज़ारा,
कभी छूटे ना तेरा द्वारा....

सुख हो चाहे दुःख हो बाबा होता है एहसास तेरा,
तुम जो साथ नहीं होते तो जाने क्या होता मेरा,
पाया है सामने तुमको जब भी तुम्हे पुकारा,
कभी छूटे ना तेरा द्वारा....

मीठा बोले सामने मेरे पीठ के पीछे वार करें,
कहने को सब ही अपने हैं मतलब का व्यापार करें,
तेरा सचिन नहीं समझे दुनिया का खेल सारा,
कभी छूटे ना तेरा द्वारा....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26565/title/kabhi-chute-na-tera-dwara

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |